भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 4456
दिनांक 19 मार्च, 2026

बिटुमेन का आयात और घरेलू उत्पादन

†4456. **श्री विजय कुमार हाँसदाकः**
श्री सप्तगिरी शंकर उलाकाः
श्री कार्ती पी. चिदम्बरमः
श्री के. सुधाकरनः

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2019 से देश में आयात किए गए बिटुमेन की मात्रा और मूल्य का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है तथा ऐसे आयातों के स्रोतों का देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान बिटुमेन के घरेलू उत्पादन और कुल घरेलू खपत का ब्यौरा क्या है और कुल घरेलू खपत में आयात की प्रतिशत हिस्सेदारी का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास कार्यक्रमों के लिए की जाने वाली मांग को पूरा करने के लिए घरेलू बिटुमेन उत्पादन क्षमता की पर्याप्तता का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने आयात संबंधी निर्भरता को कम करने के लिए बिटुमेन और बायो-बिटुमेन के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु कोई नीति, रूपरेखा या प्रोत्साहन तैयार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) और (ख) बिटुमेन आयात, उत्पादन और खपत का विवरण निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष	बिटुमेन आयात (टीएमटी)	बिटुमेन खपत (टीएमटी)	बिटुमेन उत्पादन (टीएमटी)	खपत में आयात के हिस्से का %
2019-20	1629.62	6720.37	4891.90	24.25
2020-21	2054.80	7523.92	4901.83	27.31
2021-22	2580.53	7816.33	5110.84	33.01
2022-23	2797.45	8041.07	4914.15	34.79

वित्त वर्ष	बिटुमेन आयात (टीएमटी)	बिटुमेन खपत (टीएमटी)	बिटुमेन उत्पादन (टीएमटी)	खपत में आयात के हिस्से का %
2023-24	3243.62	8807.25	5239.97	36.83
2024-25	2899.92	8581.50	5303.35	33.79
2025-26 (अप्रैल-जनवरी)(पी)	2322.16	6875.92	4167.87	33.77
स्रोत: पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ; (पी): अनंतिम				

(ग) ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड रिफाइनरी परियोजनाओं के कमिशनिंग और इसके विस्तार के साथ पेट्रोलियम उत्पादों का घरेलू उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है तो वहीं घरेलू उपलब्धता में किसी भी कमी को आयात के माध्यम से पूरा किया जाता है।

(घ) जैव पदार्थ के स्रोत के रूप में 2जी एथेनॉल संयंत्र के लिए लिग्निन-समृद्ध अवशेषों का उपयोग करके आईओसीएल द्वारा जैव-बिटुमेन विकसित किया गया है।

*****